यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने जीता ग्लोबल रिटेल बैंकिंग इनोवेशन अवार्ड, 2023

मुंबई, 3 नवंबर, 2023 : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक है जिसे वैश्विक वित्तीय क्षेत्र में मान्यता प्राप्त है. बैंक की उपलब्धियों में सिंगापुर में आयोजित "ग्लोबल रिटेल बैंकिंग इनोवेशन अवार्ड 2023" में 'बेस्ट सेल्फ-सर्विस बैंकिंग' श्रेणी के तहत प्राप्त पुरस्कार बैंक की नवीनतम उपलब्धि है. द डिजिटल बैंकर, वैश्विक समाचार, बिजनेस इंटेलिजेंस और विश्वव्यापी वित्तीय सेवा क्षेत्र के अनुसंधान भागीदार, द्वारा प्रदान किया गया पुरस्कार बैंक की संवादात्मक बैंकिंग पहल - बैंक के व्हाट्सएप बैंकिंग चैनल, यूनियन वर्चुअल कनेक्ट (यूवीकॉन), और बैंक का वॉयस बैंकिंग चैनल, यूनियन वॉयस असिस्टेंट (यूवीए) को मान्यता देता है.

बैंक के कार्यपालक निदेशक, श्री नितेश रंजन ने नवीन बैंकिंग अनुभव को सुविधाजनक बनाने के लिए बैंक के संकल्प को दोहराया और बताया कि, "यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपने डिजिटल परिदृश्य का विस्तार करने और सरकार के ईज़ एजेंडे के कार्यान्वयन के लिए समर्पित है. यह पुरस्कार "बैंक के भीतर डिजिटल बैंक" के निर्माण और समाज के सभी वर्गों के लिए बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता का उदाहरण है."

बैंक के सीटीओ, श्री अनिल कुरील ने बताया कि, "यूवीकॉन और यूवीए सुरक्षा एवं डेटा सुरक्षा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हुए बैंकिंग को आसान बनाने के बैंक के निरंतर प्रयासों का परिणाम हैं. यह पुरस्कार न केवल बैंक के समर्पण को प्रमाणित करता है बल्कि हमें बैंकिंग में नए अवसर तलाशने के लिए भी प्रेरित करता है, तथा अधिक नवोन्मेषी और ग्राहक केंद्रित समाधानों को सामने लाता है."

यूवीकॉन खाता विवरण, जमा ब्याज प्रमाणपत्र, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड सेवाएं, सबमिट फॉर्म, 15 जी/ एच, फॉर्म 16/16ए आदि सहित 40 से अधिक विभिन्न बैंकिंग सेवाएं 7 विभिन्न भाषाओं में बैंक के ग्राहकों को प्रदान करता है. बैंक के व्हाट्सएप बिजनेस नंबर 9666606060 पर "Hi" भेजकर यूवीकॉन सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं.

अमेज़न एलेक्सा पर आरंभ किया गया यूवीए, ग्राहकों को वॉयस कमांड के माध्यम से अपने घर से बैंकिंग सेवाओं को एक्सेस करने का नवोन्मेष तरीका प्रदान करता है. यूवीए के माध्यम से, बैंक अपने ग्राहकों को अपने नवीनतम ऑफ़र और योजनाओं के बारे में भी सूचित करता है. यूवीए उन दिव्यांग ग्राहकों के लिए भी लाभकारी है जिन्हें पारंपरिक बैंकिंग चैनलों का उपयोग करने में समस्या आती है.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ओर से प्रकाशित:
महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट संप्रेषण; टेली : 22892500 ; ईमेल : gm.ccd@unionbankofindia.bank
कॉर्पोरेट संप्रेषण, यूनियन बैंक भवन, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400021

Classification: Public